छह जुलाई से सदस्यता अभियान शुरू करेगी भाजपा

भाजपा उपाध्यक्ष शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी छह जुलाई से सदस्यता अभियान शुरू करेगी. सदस्यता अभियान पार्टी के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती छह जुलाई से शुरू होगा.

कूटनीति. घोषणा पत्र में आतंकवाद का भी जिक्र, सभी सदस्य देशों ने आम सहमति से आतंक के खिलाफ दिया बयान

एससीओ में भारत की जीत, आतंक के खिलाफ सभी एकमत

एजेंसियां ▷ बिश्केक (किर्गिस्तान)

भारत के आतंकवाद विरोधी अभियान को बड़ी सफलता मिली है. शंघाई कॉरपोरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) के सभी सदस्य देशों की तरफ से जारी घोषणापत्र में आतंकवाद को भी मुद्दा बनाया गया है. भारत की तरफ से बार-बार उठाये जाने वाले सीमा पार आतंकवाद को भी इस घोषणा पत्र में जगह दी गयी है. इससे पहले पीएम मोदी ने समिट में अपने बयान में आतंक को मदद पहुंचाने वाले देशों को जिम्मेदार ठहराने की बात कही थी. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने कहा कि सभी सदस्य देशों ने आम सहमति से आतंक के खिलाफ बयान दिया है. यह सभी सदस्य देशों की तरफ से जारी घोषणापत्र में शामिल है. यह सभी देशों की तरफ से आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संकेत है. इससे पहले, पीएम मोदी ने सदस्य देशों से आतंकवाद को समर्थन देने वाले राष्ट्रों के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया. साथ ही पीएम मोदी ने एससीओ सदस्यों से अपील की कि हमें आतंकवाद के मुद्दे पर एकजुट होना होगा. पीएम मोदी ने इस बात का जिक्र अपने श्रीलंका और मालदीव के दौरे पर भी किया था.

आतंकवाद का पोषण कर रहे देशों को वैश्विक स्तर पर ठहराया जाना चाहिए जिम्मेदार : प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को एससीओ की बैठक के दूसरे दिन आतंकवाद का मुद्दा उठाया. मोदी ने आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि आतंकवाद को समर्थन, प्रोत्साहन और आर्थिक मदद देने वाले राष्ट्रों को जिम्मेदार ठहराना जरूरी है. एससीओ सदस्यों को आतंकवाद के सफाये के लिए एक साथ आकर काम करना चाहिए. उन्होंने कहा कि आतंकवाद की फंडिंग पर रोक लगाने से लेकर हमें इसके खात्मे तक एक होकर काम करना होगा.

> **वर्तमान में लोगों के बीच संपर्क बेहद जरूरी है. आतंकवाद बड़ी समस्या बन चुकी है. आतंक के खिलाफ भारत अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आह्वान करता है. -नरेंद्र मोदी**

पीएम ने की घोषणा

1. रूसी भाषा में शुरू होगी पर्यटन हेल्पलाइन
2. भारत मेडिकल टूरिज्म में सहयोग को तैयार
3. 10 रचनाओं का एससीओ भाषाओं में अनुवाद होगा

नहीं हो सकी मोदी-रुहानी मुलाकात

फोरम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बैठक ईरान के राष्ट्रपति हसन रुहानी के साथ रद्द हो गयी. दोनों पक्षों के बीच प्रस्तावित समय के भीतर मुलाकात नहीं हो सकी.

राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इमरान के साथ मुलाकात में भारत-पाक संबंधों में सुधार के प्रति समर्थन जताया

चीन के राष्ट्रपति शी ने पाक पीएम इमरान के साथ यहां हुई मुलाकात के दौरान पाकिस्तान और भारत के तनावपूर्ण संबंधों में सुधार के प्रति अपने समर्थन की पेशकश की. एससीओ शिखर सम्मेलन से इतर खान से मुलाकात के दौरान शी ने कहा कि चीन पाकिस्तान और भारत के रिश्तों में सुधार का समर्थन करता है. प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति शी के साथ बातचीत के दौरान पाकिस्तान में पनप रहे सीमा पार के आतंकवाद के मुद्दे को उठाया था.

> **भारत के साथ हमारा मुख्य मतभेद कश्मीर (मुद्दा) है और यदि दोनों देश फैसला करते हैं तो यह मुद्दा हल हो सकता है.**
> **-इमरान खान**

मोदी और इमरान की हुई मुलाकात, किया अभिवादन

बिश्केक में पीएम मोदी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के बीच अभिवादन हुआ. यह जानकारी एएनआई ने विदेश मंत्रालय के सूत्रों के हवाले कही है. सूत्रों का कहना है कि पीएम मोदी और इमरान खान के बीच यह मुलाकात लीडर्स लॉन्ज में हुई.

जब सभी नेता खड़े थे, पाक पीएम कुर्सी पर बैठे रहे

समिट में उस वक्त इमरान ने अजीबो-गरीब स्थिति पैदा कर दी जब मोदी सहित अन्य नेताओं के खड़े रहने के दौरान ही वह अपनी सीट पर बैठ गये. प्रोटोकॉल तोड़े जाने पर इमरान की खूब खिंचाई हुई.

ब्रीफ न्यूज

करगिल विजय दिवस की 20वीं वर्षगांठ, दिल्ली-द्रास तक प्रोग्राम

नयी दिल्ली. करगिल विजय दिवस की अगले महीने 20 वीं वर्षगांठ मनाने के लिए थल सेना की दिल्ली से जम्मू कश्मीर के द्रास तक कई कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है. अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. इस साल के समारोह 25 से 27 जुलाई तक, तीन दिनों तक चलेंगे.

श्रीलंका : धमाका मामले में पांच संदिग्धों को यूएइ से लाया गया

कोलंबो. श्रीलंका में ईस्टर के मौके पर हुए सिलसिलेवार विस्फोटों के मामले में पांच संदिग्धों को यूएइ से वापस स्वदेश लाया गया है. पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. इन संदिग्धों में मोहम्मद मिल्हान भी शामिल है, जो प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन नेशनल तौहीद जमात का सदस्य है. इन हमलों के लिए एनटीजे को जिम्मेदार ठहराया गया है. हमले से पहले जारी खुफिया चेतावनी में उसका नाम संदिग्ध आतंकवादी के तौर पर दर्ज था.

सीरियलों में भारतीय भाषा में भी शीर्षक दें टीवी चैनल : जावड़ेकर

नयी दिल्ली. सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने टीवी सीरियलों की शुरुआत व अंत में दिये जाने वाले शीर्षकों को भारतीय भाषाओं में भी दिये जाने का आदेश जारी किया है. जावड़ेकर ने कहा कि टीवी चैनलों को आदेश जारी किया जा रहा है कि जो भी सीरियल वह प्रसारित करते हैं, कई बार उनकी शुरुआत और अंत में दिये जाने वाले शीर्षक और क्रेडिट अक्सर अंग्रेजी भाषा में दिये जाते हैं.

मालेगांव धमाका मामला : छह साल से जेल में बंद चार आरोपियों को मिली बेल

मुंबई. बंबई हाइकोर्ट ने 2006 के मालेगांव धमाके मामले के चार आरोपियों को शुक्रवार को जमानत दे दी. न्यायमूर्ति आइए महंती और न्यायमूर्ति एएम बदर की एक खंडपीठ ने धन सिंह, लोकेश शर्मा, मनोहर नरवारिया और राजेंद्र चौधरी को जमानत दे दी. पीठ ने कहा कि याचिकाएं मंजूर की जाती हैं.

'वायु' से धीमा पड़ा मॉनसून बिहार में बारिश में होगी देरी

एजेंसियां ▷ नयी दिल्ली

चक्रवाती तूफान वायु के कारण मानसून की गति प्रभावित हुई है. कई राज्यों में मॉनसून अब तय समय से देरी से पहुंचेगा. मॉनसून पर चक्रवाती तूफान वायु के प्रभाव के कारण उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ को बारिश के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, वायु के असर से इन राज्यों में 10 से 15 दिन तक की देरी हो सकती है. इससे भीषण गर्मी झेल रहे इन इलाकों में स्थिति और बिगड़ने के आसार बन गये हैं. आइएमडी के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ एके श्रीवास्तव ने बताया कि मॉनसून सीजन में वायु जैसे तूफान बहुत ज्यादा कुदरती ताकत खींच लेते हैं. इसका सीधा असर मॉनसून की गति पर पड़ता है. समुद्री इलाकों से मैदानी इलाकों तक आगे बढ़ने के लिए कुदरती ताकत की जरूरत होती है. वायु की वजह से मॉनसून की ताकत कम हो गयी और उसे आगे बढ़ने में दिक्कत आयेगी. एक तरह से उसे आगे बढ़ने के लिए कुदरती तौर पर खुद को रिचार्ज करना होगा.

मुंबई में पिछले 24 घंटों से प्री-मॉनसून बारिश : मुंबई में पिछले 24 घंटों से प्री मॉनसून बारिश हो रही है जिसके शनिवार को भी जारी रहने की उम्मीद है. मुंबई के सांताक्रूज में 0.3 मिमी. और कोलाबा में 6.0 मिमी. बारिश हुई. इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली. इस साल मॉनसून एक हफ्ते की देरी से आठ जून को केरल पहुंचा है.

जून में 50 फीसदी तक कम हो सकती है बारिश

वैज्ञानिकों के अनुसार पहले से ही देरी से आ रहे मॉनसून की गति वायु के चलते प्रभावित होने से जून माह की कुल मॉनसूनी बारिश में 40 से 50 फीसदी तक की कमी आ सकती है. हालांकि, उत्तर भारत में मॉनसून की अधिकांश बारिश जुलाई से शुरू होती है.

महाराष्ट्र और कर्नाटक में सूखे का ज्यादा असर

सबसे बड़े गन्ना उत्पादक राज्यों में शामिल महाराष्ट्र और कर्नाटक में सूखे की मार सबसे ज्यादा पड़ी है. कम बारिश की वजह से इस साल प्रदेश में गन्ने का रकबा करीब 28 फीसदी कम हो गया है. चीनी का उत्पादन कम रहने का अनुमान है.

अब रास में नहीं दिखेंगे मनमोहन, पूर्व पीएम का कार्यकाल हुआ समाप्त

नयी दिल्ली. दस साल तक देश के प्रधानमंत्री की कुर्सी संभालने वाले मनमोहन सिंह की बतौर सांसद विदाई बहुत खामोशी से हो गयी. शुक्रवार को राज्यसभा सदस्य के तौर पर उनकी पांचवीं पारी का आखिरी दिन था. उन्हें अन्य सदस्यों की तरह न तो सदन में बतौर सांसद अपने अनुभव साझा करने को मौका मिला और न ही राज्यसभा की ओर से उन्हें विदाई दी गयी. तीन दिन बाद संसद का सत्र शुरू होना है. नये सदस्य शपथ लेंगे लेकिन राज्यसभा के सदस्यों के बीच उनके सबसे वरिष्ठ सदस्य मनमोहन सिंह रिटायर हो जाने के चलते सदन में दिखायी नहीं देंगे.

टेरर फंडिंग मामले में शब्बीर शाह समेत 3 लोगों को भेजा गया जेल

एजेंसियां ▷ नयी दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को आतंकियों को धन मुहैया कराने के संबंध में एनआइए द्वारा गिरफ्तार कश्मीरी अलगाववादियों शब्बीर शाह, आसिया अंद्राबी और मसरत आलम भट को 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया. यह मामला घाटी में आतंकी गतिविधियों को धन मुहैया कराने से संबंधित है और पाकिस्तान में मौजूद 2008 मुंबई आतंकी हमले के मुख्य षडयंत्रकारी जमात उद दावा प्रमुख हाफिज सईद से जुड़ा है.

आरोपियों की ओर से पेश अधिवक्ता एमएस खान ने कहा कि एनआइए द्वारा हिरासत में और पूछताछ का अनुरोध नहीं करने पर विशेष न्यायाधीश राकेश स्याल ने तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया. एनआइए ने अदालत में बंद कमरे में कार्यवाही के दौरान तीनों अलगाववादियों को गिरफ्तार किया था और एजेंसी को तीनों की दस दिन की हिरासत मंजूर की गयी थी. शाह और अंद्राबी अलग अलग मामलों में पहले से ही हिरासत में मौजूद थे जबकि आलम को जम्मू कश्मीर से ट्रांजिट रिमांड पर लाया गया था. वह जम्मू कश्मीर में कथित आतंकी गतिविधियों के लिए जेल में बंद थे. एनआइए ने जनवरी 2018 में कथित आतंकवादियों की टेरर फंडिंग मामले में दस के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था.

पीके करेंगे अन्नाद्रमुक के लिए काम, हुई बैठक

प्रशांत किशोर ▷ चेन्नई

तमिलनाडु के सीएम के पलानीस्वामी ने शनिवार शाम को नयी दिल्ली में जदयू उपाध्यक्ष और राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर से मुलाकात की. सूत्रों का मानना है कि इस मीटिंग में 2021 में होने वाले विधानसभा चुनावों में प्रशांत किशोर को जिम्मेदारी दी जा सकती है. इस बैठक में चुनाव प्रचार को लेकर दोनों के बीच बातचीत और मीटिंग को किसी समझौते पर लाने की कोशिश करने की संभावना है. नयी दिल्ली में पलानीस्वामी ने प्रशांत किशोर की कंपनी के दो निदेशकों, ऋषिराज सिंह और विनेश चंदेल के साथ भी बैठक की. आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी को शानदार चुनावी जीत दिलाने के बाद पिछले हफ्ते प्रशांत किशोर ने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी से भी मुलाकात की थी. प्रशांत किशोर एक महीने के बाद ममता बनर्जी के साथ काम करना शुरू कर देंगे.

ईरान व अमेरिका में तनाव बढ़ सकते हैं पेट्रोल के दाम

एजेंसियां ▷ वाशिंगटन

अमेरिका ने ईरान पर आरोप लगाते हुए ओमान की खाड़ी में दो तेल टैंकरों पर हुए हमलों के लिए जिम्मेदार ठहराया है. इस घटना के बाद से अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ गया है. यह घटना ऐसे समय पर हुई है जब अमेरिका ने पिछले महीने इस रणनीतिक समुद्री इलाके में ऐसे ही हमलों को लेकर इस्लामिक गणराज्य की तरफ उंगली उठायी थी. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका और ईरान लंबे समय से चल रहे अपने विवादों को समाप्त करने के लिए किसी भी समझौते के लिए तैयार नहीं हैं. इसी बीच उन्होंने इस विवाद को खत्म कराने के लिए आगे आये जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे की भी खूब प्रशंसा की. ट्रंप ने अपने ट्वीट में लिखा कि हमारे बीच तनाव को खत्म कराने के लिए पीएम आबे खमेनी से ईरान जाकर मिले, मैं इसके लिए उनकी सराहना करता हूं.

अमेरिका का दावा

ईरान ने तेल टैंकर से जिंदा बम हटाये

दुबई. अमेरिका ने एक वीडियो जारी करके दावा किया कि ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड ने होरमुज जलसंधि के पास निशाना बनाये गये एक तेल टैंकर से जिंदा बम हटाये थे. कहा कि ईरान ने अपनी संलिप्तता के साक्ष्य मिटाने का प्रयास किया.

शिंजो आबे ने कहा

ईरान से अमेरिकी कैदियों को रिहा करें

तोक्यो. जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आग्रह पर अपनी तेहरान यात्रा के दौरान ईरानी नेताओं से अमेरिकी कैदियों को रिहा करने के लिए कहा. समाचार एजेंसी क्योडो ने एक सूत्र के हवाले से यह जानकारी दी.

कच्चे तेल की कीमतों में उछाल, तीन फीसदी बढ़ा दाम

टैंकरों पर हमले की खबर से कच्चे तेल की कीमतों में तीन फीसदी का इजाफा हुआ है. टैंकर में तेल लगे के बाद ब्रेंट क्रूड का भाव में चार फीसदी तक उछाल आया और तेल का भाव 61.74 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चला गया. अंतरराष्ट्रीय बाजार में आयी तेजी से भारतीय वायदा बाजार में भी कच्चे तेल के भाव में तेजी बनी रही.

नीति आयोग की बैठक आज • बढ़ाया जा सकता है आयुष्मान भारत योजना का दायरा

कृषि को मनरेगा से जोड़ने पर फैसला संभव

अंजनी कुमार सिंह ▷ नयी दिल्ली

नीति आयोग की शनिवार को होने वाली पांचवीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में मनरेगा को लेकर बड़ा फैसला लिया जा सकता है. प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में बनी नेशनल एग्रीकल्चर एंड मनरेगा कमिटी की रिपोर्ट पर फैसला लेने की संभावना है. रिपोर्ट में कहा गया है कि मनरेगा के कारण कृषि लागत बढ़ गयी है. मजदूरी बढ़ने के कारण छोटे और सीमांत किसानों के लिए खेती काफी महंगी हो गयी है.

इसे दूर करने के लिए कमिटी ने कृषि मजदूरी को मनरेगा से जोड़ने का सुझाव दिया है. चौहान कमिटी ने 2022 तक किसानों की आय दोगुना करने को लेकर भी सिफारिश की है. शनिवार को होने वाली बैठक में इन सभी मुद्दों पर विस्तृत से चर्चा होने की संभावना है. सूत्रों का कहना है कि सरकार मनरेगा के तहत रोजगार के दिनों को 200 दिन तक कर सकती है, लेकिन यह फैसला पूरी तरह राजनीतिक होगा और सभी की सहमति के बाद ही इस पर अमल किया जायेगा. अगर सभी पक्ष तैयार होते हैं तो मनरेगा योजना की समीक्षा भी की जा सकती है.

महत्वकांक्षी जिलों की बढ़ सकती है संख्या

नीति आयोग की बैठक में देश के महत्वाकांक्षी जिलों की संख्या बढ़ाने पर भी विचार किया जा सकता है. मौजूदा समय में देश में ऐसे 115 जिले हैं, जिसमें बिहार के 13 और झारखंड के 19 जिले शामिल हैं. महत्वाकांक्षी जिलों की संख्या बढ़ाये जाने से बिहार और झारखंड को फायदा मिल सकता है. बैठक में आयुष्मान भारत योजना का दायरा बढाकर सभी राज्यों में लागू करने पर भी चर्चा हो सकती है.

बीआरजीएफ फिर शुरू करने की हो सकती है मांग

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लंबे समय से राज्य को विशेष दर्जा देने की मांग कर रहे हैं. मुख्यमंत्री का मानना है कि विशेष राज्य के लिए तय किये गये पैमाने को बिहार पूरा करता है. अपनी इस पुरानी मांग को बिहार की ओर से फिर से दुहराने की बात बतायी जा रही है. साथ ही बिहार की ओर से बैकवर्ड रीजन ग्रांड फंड(बीआरजीएफ) के तहत मिलने वाली राशि की मांग केंद्र सरकार से की जा सकती है.